>

Title : Situation arising out of the non-procurement of paddy at minimum support price in Eastern Uttar Pradesh and other parts of the country.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): महोदय, मैं अति विलम्बनीय विषय को आपके माध्यम से सदन में उठाते हुए भारत सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं। देश के धान के किसानों सहित उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के किसानों के धान की खरीददारी में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और घोटाला हुआ है। सरकारी अधिकारियों एवं बिचौलियों, दलालों की मिलीभगत से किसानों का धान सस्ते दर पर बिकवाने के लिए मजबूर किया गया। धान के क्रय केंद्रों का समय से न खोलना तथा धान में भारी मात्रा में नमी का प्रतिशत बढ़ाने से किसानों की धान के क्रय में लूट की गई। सरकारी खरीद समय से न होने तथा क्रय केंद्रों पर बोरे आदि की उपलब्धता न होने से किसानों का धान औने-पौने दाम पर बिचौलियों तथा दलालों ने खरीद लिया और उसी धान को क्रय के अधिकारियों और मिल-मालिकों ने धान के सरकारी रेट पर क्रय केंद्रों के माध्यम से बेचने और लेने का काम किया। दो सौ रुपया प्रति क्विंटल बिचौलियों, दलालों एवं अधिकारियों ने मिल कर किसानों के धान की उपज की मूल्य की लूट की है। सरकार द्वारा समय से धान न खरीदे जाने से किसानों को बाध्य हो कर अपने उपज को 800-850 रुपए प्रति क्विंटल की दर से व्यापारियों, दुकानदारों और मिल-मालिकों को बेचना पड़ा। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के जनपद चन्दौली को धान का कटोरा कहा जाता है। यहां भारी लूट किसानों की पैदावार की हुई। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने एक आदेश के तहत 62 प्रतिशत चावल के स्थान पर 67 प्रतिशत चावल मिलों से लेने का आदेश प्रति क्विंटल की दर से लेने का दिया था, जिसके चलते 12 प्रतिशत नमी के स्थान पर 17 प्रतिशत नमी दिखाकर धान क्रय में कटौती करने के चलते किसानों के धान बिक्री में किसानों की भारी आर्थिक क्षति हुई है। यह लोक महतव का अविलम्बनीय विषय है। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: No, he is only generalizing it.

...(*Interruptions*)

श्री रामकिशुन : मैं सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि सरकार धान क्रय में बिचौलियों, दलालों एवं अधिकारियों को लाभ पहुंचाने के लिए किए गए कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। धान खरीदने में की गई देरी की भी जांच कराई जाए। सरकार ने जो समर्थन मूल्य 1000 रुपए तय किया था, उससे नीचे दाम पर किसानों को धान बेचना पड़ा। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के किसानों को बोरे उपलब्ध नहीं थे। आपके माध्यम से मैं कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के किसानों के साथ बहुत बड़ा घोटला हुआ है, भ्रष्टाचार हुआ है। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Bishnu Pada Ray -- not present.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: No, your statement is over. Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦ **